प्राकृत
व्याकरण प्रवेशिका

सत्यरञ्जन बनर्जी

प्राकृत
व्याकरण प्रवेशिका

सत्यरञ्जन बनर्जी

एम.ए., पी-एच.डी. (कलकत्ता)

पी-एच.डी. (एडिन्बरो)

'प्राकृत-विद्या-मनीषी' (जैन विश्व भारती)

भूतपूर्व प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

भोगीलाल लहेरचन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डोलॉजी, दिल्ली

राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली मानित विश्वविद्यालय

प्राकृत व्याकरण प्रवेशिका
सत्यरञ्जन बनर्जी

प्रकाशक

भोगीलाल लहेरचन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डोलॉजी, दिल्ली
एवम्
राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मानित विश्वविद्यालय),
५६-५७, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी,
नई दिल्ली ११००५८

प्रथम संस्करण १९९९
प्रतिमुद्रणः मई, २०१२

Rs. 100/-

प्राप्ति स्थान
बी. एल. इन्स्टीट्यूट ऑफ इण्डोलॉजी
विजय वल्लभ स्मारक, जैन मन्दिर कॉम्पलेक्स,
२०वाँ किमी. जी. टी. करनाल रोड,
पोस्ट अलीपुर, दिल्ली ११००३६
फोन : 011-27202065, 27206630

प्रस्तावना

प्राकृत व्याकरण प्रवेशिका लिखने का अपना एक इतिहास है। विगत मई १९८९ में जब मैं कलकत्ता से लाडनूं आया, तब आचार्य श्री तुलसी ने मुझे आदेश दिया प्राकृत कार्यशाला आयोजित करने के लिए। आचार्य श्री के निर्देश को मैंने आशीर्वाद के रूप में स्वीकार किया। इसी आशीर्वाद के फलस्वरूप यह प्राकृत व्याकरण प्रवेशिका आज आपके हाथों में है।

यह ग्रंथ प्राकृत सीखने के लिए प्रारम्भिक परिचय है। प्राकृत कार्यशाला केवल उन्हीं विद्यार्थियों के लिए है, जो प्राकृत नहीं जानते हैं। इसलिए इसमें केवल प्राकृत भाषा के जो मुख्य-मुख्य नियम हैं उसी के आधार पर यह प्रवेशिका विरचित हुई है। जो अधिक प्राकृत भाषा का ज्ञान जानते हैं उनके लिए यह ग्रंथ सामान्य सा हो सकता है।

भाषा सीखने के तीन स्तर हैं– प्रारम्भिक, माध्यमिक और उच्च। प्रारम्भिक पढ़ने के बाद मध्यम स्तर में प्रवेश होता है। मध्यम स्तर में भाषा के अन्य विषयों पर ध्यान देना होता है। प्रारम्भिक स्तर से अधिक नियम और व्याकरण इसमें आते हैं। उच्चस्तर में इससे भी अधिक व्याकरण, भाषा-तत्व के गूढ़ तथ्य, भाषा की वाक्य रीति इत्यादि विषयों पर अधिक ध्यान देना आवश्यक होता है। इन सभी स्तरों पर भाषा का साहित्य भी पढ़ाना पड़ता है और साहित्य से व्याकरण की व्याख्या भी करनी पड़ती है। इसलिए प्रारम्भिक स्तर में व्याकरण की आवश्यकता इतनी नहीं होती है कि जिससे प्रारम्भिक छात्रों को बहुत कठिनाई हो। इसी आधार पर यह प्रवेशिका अत्यन्त संक्षिप्त रूप में लिखी गई है। आशा है इससे प्राकृत भाषा का ज्ञान करने में सहयोग मिलेगा।

यह प्रवेशिका वस्तुतः कक्षा में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए तैयार कर वितरित किए गए अध्यायों का संकलन है। यह ज्ञान हर विद्यार्थी को भविष्य में प्राकृत भाषा पढ़ने हेतु सुविधा देगा।

आरम्भ में यह प्राकृत व्याकरण प्रवेशिका तित्थयर के खण्ड २१ अंक ८, ९, १०, ११, १२, वर्ष १९९७, १९९८ में धारावाहिक रूप से प्रकाशित हो चुकी है। पठन की सुविधा के लिये जैन भवन ने इन लेखों को आकलन कर पुस्तकाकार रूप में प्रकाशित करने का बीड़ा उठाया। इस कार्य को साकार करने में जैन भवन के सचिव श्री पवित्र कुमार जी दुगड़ एवं सह सचिव श्री दिलीप सिंह जी नाहटा ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इस कार्य की पूर्णता तित्थयर की संपादिका श्रीमती लता बोथरा के अथक परिश्रम एवं सहयोग के बिना असंभव थी। इस पूरी परियोजना के पीछे उनकी सार्थक परिकल्पना का भी महत्वपूर्ण हाथ रहा है। उनके इस योगदान के लिये मैं उनका आभारी हूँ। पर आभार प्रकट करने के स्थान पर उनको आशीर्वाद देता हूँ कि वे अपने निर्दिष्ट कार्य में सदा सफल होकर पत्रिका का नाम उज्ज्वल करें।

इस प्राकृत व्याकरण में जितने नियम अति संक्षिप्त हो सकते थे उतने ही दिये गये हैं। आशा है ये किताब पढ़ करके प्राकृत जिज्ञासु लोग बहुत ही लाभान्वित होंगे।

इति

श्री सत्यरंजन बनर्जी

विषय सूची

ध्वनि तत्त्व

रूपतत्त्व

प्राकृत व्याकरण प्रवेशिका

ध्वनि तत्त्व
(Phonology)

मुखबन्ध

प्राचीन भारतीय संस्कृति का स्वरूप तीन भाषा में है। इन तीनों भाषाओं का नाम है– संस्कृत, पालि और प्राकृत। संस्कृत भाषा में मूलतः हिन्दु शास्त्र की परम्परा की खोज मिलती है। पालि भाषा में बौद्ध धर्म और दर्शन का स्वरूप मिलता है। प्राकृत भाषा में जैन धर्म और संस्कृति का एक परिचय है। प्राचीन भारत के लिए इन तीनों भाषाओं की उपयोगिता है।

प्राकृत साहित्य अति विशाल है। प्राकृत एक साधारण नाम है। इस भाषा में माहाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची और अपभ्रंश भाषा है। उपर्युक्त भाषा को छोड़कर और भी एक भाषा है जिसका नाम है अर्धमागधी। अर्धमागधी भाषा में जैन आगम शास्त्र लिखा हुआ है। किन्तु प्राकृत भाषा का एक साधारण रूप है जो कि हर उपभाषा में भी दिखाया जाता है। इसलिए हम लोग केवल प्राकृत भाषा का साधारण रूप देखते हैं। विशेष रूप केवल वही है जो साधारण रूप में मिलता नहीं है। इस तरह कुछ रूप और विशेषताएँ प्राकृत उपभाषा में मिलते हैं। नीचे हम लोग केवल प्राकृत भाषा का साधारण रूप देखेंगे जो सब उपभाषाओं में भी मिलता है।

१. प्राकृत भाषा की वर्णमाला

प्राकृत में निम्नलिखित वर्णमाला है–

स्वरवर्ण :

अ आ इ ई उ ऊ ए ओ

व्यंजनवर्ण :

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

स ह ।

विशेष दृष्टि में मागधी प्राकृत में तालव्य श है ।

उच्चारणरीति :

प्राकृत वर्णमाला का उच्चारण सम्भवतया संस्कृत भाषा की तरह होता है । इसलिए हम लोग इसके उच्चारण के बारे में साधारणतया ज्यादा नहीं जानते । लेकिन बीच में अगर किसी का उच्चारण संस्कृत से भिन्न होगा तो वह तत्तत् स्थल पर कहूंगा । तथापि निम्नलिखित विषय पर ध्यान देना आवश्यक है–

१. प्राकृत में ऋ ॠ ऌ ॡ नहीं होता है । इसके स्थल पर अ इ उ रि होता है । साधारणतया ऋ के स्थल पर अ होता है । इ और उ विशेष-विशेष शब्दों में होते हैं । किस नियम से ये सब परिवर्तन होता है, ये बताना काफी मुश्किल है । लेकिन परम्परा से यही मिलता है कि ओष्ठयवर्ण के साथ जब ऋ का संयोग होता है तब उ होना जरूरी है । यथा ऋ ष भ> प्राः वुसह/उसह होता है । किन्तु मृत>प्राः मअ होता है । इस तरह सभी जगह पर होगा ।

२. प्राकृत में ऐ औ नहीं होता है । उसकी जगह पर ए और ओ होता है ।

३. प्राकृत में आदि में न होता है/य के स्थल पर भी ज होता है । यथा यदि प्रा. में जइ होता है । किन्तु मागधी प्राकृत में सभी जगह पर य होता है । मागधी में कभी भी ज नहीं होता है ।

४. प्राकृत में सर्वत्र मूर्धन्य ण होता है । चाहे संयुक्त से या असंयुक्त हो, सर्वत्र मूर्धन्य होता है । लेकिन अर्धमागधी प्राकृत में आदि में और संयुक्त में दन्त्य न होता है । यथा राज्ञा प्राकृत में रण्णा, अर्धमागधी में रन्ना

होता है। विशेष उपभाषा में कुछ-कुछ विशेषता है। वह भी बताने की जरूरत नहीं है।

५. प्राकृत में तालव्य श मुर्धण्य ष नहीं होता है। केवल दन्त्य स होता है। किन्तु मागधी प्राकृत में केवल तालव्य श होता है। यथा मनुष्य प्रा. मणुस्स मागधी में मणुश्श।

६. प्राकृत में भिन्न वर्गीय वर्णों का संयुक्त वर्ण नहीं होता है । इसका मतलब यही है कि एक ही वर्ण के साथ संयुक्त वर्ण होता है । जैसे क का क ख इत्यादि रूप से संयुक्त वर्ण होता है । किन्तु संस्कृत में क के साथ जैसे त का त संयुक्त होता है वैसा प्राकृत में कभी नहीं होता है । सभी जगह पर इस तरह का अध्ययन होना चाहिए ।

७. प्राकृत में विसर्ग नहीं होता है । उसकी जगह पर दो तरह का रूप मिलता है । यदि अन्तिम में अकारान्त शब्द के स्थान पर और शब्द के बाद विसर्ग होता है तो उस विसर्ग के स्थल पर ओ होता है । जैसे– सर्वतः प्राकृत में सव्वओ होता है । अगर विसर्ग के बाद कोई वर्ण होता है तो उसका द्वित्व हो जाता है । जैसे दुःख प्राकृत में दुक्ख होता है ।

८. प्राकृत में म् के स्थल पर अनुस्वार होता है । चाहे वह वाक्य शेष हो और श्लोकावशेष हो उसके ऊपर एक दृष्टि डालना आवश्यक है ।

९. पंचम नासिक्य वर्ण के साथ किसी वर्ण का संयुक्त अक्षर यदि हो तब वही नासिक्य वर्ण के स्थल पर अनुस्वार होता है । जैसे–वंकिम । किन्तु कभी-कभार किसी व्याकरण में पंचम नासिक्य वर्ण की भी उपस्थिति होती है । उसी के अनुसार वङ्किम भी चलता है । लेकिन खास प्राकृत में ऐसा होना ठीक नहीं है । प्राकृत व्याकरण में यद्यपि इसके बारे में दोनों रूप को ही स्वीकार किया है तब भी अनुस्वार लिखना ही उचित है ।

१०. ऊपर में उल्लिखित नियमावली प्राकृत भाषा सीखने के लिए काफी जरूरी है । विशेष-विशेष उपभाषा में इसका कुछ व्यतिक्रम दिखाया जाता है । लेकिन वह तत्तत् स्थल पर बताना उचित होगा ।

२. अनुस्वार, अनुनासिक और विसर्ग

प्राकृत में अनुस्वार, अनुनासिक और विसर्ग के प्रयोग के विषय में कुछ विशेषताएँ हैं । साधारणतया जैसे संस्कृत में होते हैं प्राकृत में ऐसा नहीं होता है ।

अनुस्वार

प्राकृत में शब्द के अन्त का "म्" अनुस्वार होता है अर्थात् सर्वम् प्रा. सव्वं होता है। चाहे वाक्य के अन्त में और पद के प्रथम चरण के अन्त में "म्" के स्थान पर केवल अनुस्वार ही होता है। किन्तु म् के बाद जब स्वर वर्ण होता है तब म् उसी वर्ण स्वर के साथ जुड़ जाता है। परन्तु यहां पर भी अनुस्वार हो सकता है अर्थात् "म्" के स्थान पर अनुस्वार भी होता है, इसका अर्थ म् के बाद प्राकृत में दो तरह का रूप होता है।

१. "म्" के स्थान पर चाहे स्वर वर्ण और व्यंजन वर्ण हो अनुस्वार ही होता है। जैसे कि सव्वं अहं करेमि अर्थात् सव्वं के बाद यद्यपि अहम् शब्द है तब भी सव्वं अनुस्वार होगा।

२. कभी कभी "म्" के बाद अगर स्वर वर्ण हो तो ओ "म्" स्वर के साथ जुड़ जाता हैं। अर्थात् सव्वं "म्" अहं करेमि इसका रूप प्राकृत में सव्वमहं करेमि हो सकता है।

३. वर्ग का जो पंचम नासिक्य वर्ण होता है उसके स्थान पर भी अनुस्वार होता है अर्थात् शब्द के बीच में जब वर्गीय नासिक्य वर्ण होता है तब उसके स्थान पर भी अनुस्वार होता है। वर्गीय पंचम नासिक्य वर्ण ये है– ङ्, ञ्, ण्, न्, म्। यथा पंक, संख, अंगण लंघण, कंचुए, लंहण, अंजीऐ, कंटओ, उक्कंठा, कंड, संढो, अंतरं, पंथो, चंदो, बंधवो, कंपइ, वंफइ कलंबो, आरंभो इत्यादि। इन सभी स्थानों पर वर्ग का पंचम नासिक्य वर्ण हो सकता है। अर्थात पङ्क, कञ्चुअ, कण्टअ अन्तर सम्पइ इत्यादि।

प्राकृत व्याकरणों ने वर्गीय नासिक्य वर्ग के विषय में विकल्प विधि दी है। अर्थात् दो तरह का वर्ण हम लोगों के समक्ष उपस्थित होता है, तव भी यही मालूम होता है कि प्राकृत में केवल अनुस्वार होना ही अच्छा है। वस्तुतः यही है कि जहां वर्गीय नासिक्य वर्ण होता है वहां हम लोग ऐसा समझेंगे कि उस वर्णन पर संस्कृत का प्रभाव ज्यादा है। इसलिए पङ्क, कञ्चुअ, कण्ठअ, अन्तर सम्पइ प्राकृत में आ गए। लेकिन वास्तव में इन सभी के स्थानों पर केवल अनुस्वार ही होना चाहिए।

कुछ शब्द ऐसे हैं जिसके साथ अनुस्वार होने के बाद दीर्घ स्वर वर्ण का ह्रस्व हो जाता है। जैसे कि माला-मालं, नई-नइं, बहू-बहुं, इत्यादि।

अनुस्वार के विषय में केवल इतना ही समझना उचित है कि वर्गीय पंचम नासिक्य वर्ण और म् के बाद सभी जगह पर अनुस्वार होना ही ठीक है।

अनुनासिक वर्ण

प्राकृत में अनुनासिक वर्ण ज्यादा नहीं होता है। वर्गीय पंचम वर्ण तथा "म्" ही केवल अनुनासिक वर्ण के रूप में प्रचलित हो सकता है। इसका तात्पर्य यही है कि जहां हम लोग अनुनासिक वर्ण देखेंगे वहां हम लोग वर्गीय नासिक्य वर्ण की उपलब्धि करेंगे। किसी वर्ण के साथ इस तरह नासिक्य वर्ण के स्थान पर अनुनासिक वर्ण आ गया जैसे यमुना-जउँणा, चामुण्डा-चाउँण्डा, कामुक-काउँओ, अतिमुक्तक-अणिउँतय इत्यादि।

केवल शब्द में ही नहीं कोई विभक्ति में भी नासिक्य वर्ण के स्थान पर अनुनासिक वर्ण होता है। जैसे– हि, हिं, हिँ।

प्राकृत में नासिक्य वर्ण का प्रयोग ज्यादा नहीं होता है इसलिए ज्यादा शब्द भी नहीं मिलते हैं। लेकिन अपभ्रंश में ज्यादा नासिक्य ध्वनि मिलती हैं। जैसे-

अग्गिएँ उण्हउ होइ जगु वाएँ सीअलु तेवँ।
जो पुणु अग्गिं सीअला तसु उण्हत्तणु केवँ॥

विसर्ग

प्राकृत में विसर्ग कभी नहीं होता है। अर्थात् विसर्ग का प्राकृत में लोप होता है। विसर्ग की दो तरह की प्रतिक्रिया होती है–

१. जब अकारान्त शब्द के बाद विसर्ग होता है तो विसर्ग के स्थान पर ओ होता है। जैसे सर्वतः प्राकृत में सव्वओ होता है। नरः > णरो, प्रायः > पाओ इत्यादि।

२. अगर शब्द के बीच में विसर्ग होता है तो विसर्ग के स्थान पर जिस शब्द के पूर्व विसर्ग है उसका द्वित्व हो जाता है अर्थात् वह वर्ण पुनः आ जाता है। जैसे दुःख। ख के पूर्व विसर्ग है इसलिए विसर्ग के स्थल पर ख का आगम अथवा ख का द्वित्व होता है। अर्थात् दुःख शब्द प्राकृत में दुक्ख होता है। प्राकृत में दो महाप्राण वर्ण का संयुक्त वर्ण नहीं होता है। इसलिए एक वर्ण का अल्पप्राण होगा क्योंकि दो महाप्राण वर्ण साथ-साथ उच्चारण करने में कठिनाई होती है। इसलिए एक वर्ण अल्पप्राण हो जाता है। साधारणतया प्रथम जो महाप्राण वर्ण होता है उसका ही अल्पप्राण हो जाता है। अतएव दुःख प्राकृत में दुक्ख होता है। यह नियम प्राकृत में सभी संयुक्त वर्ण पर लागू होता है।

कभी ऐसा लगता है कि कुछ विभक्तियां ऐसी हैं कि ओ संस्कृत का तस् (=तः) प्रत्यय से आया हुआ है। जैसे वच्छाओ वास्तव में संस्कृत वृक्षतः रूप से आया है। इसलिए पंचमी की एक विभक्ति है ओकारान्त। जैसे वच्छाओ।

३. ध्वनि-परिवर्तन

प्राकृत में ध्वनि का परिवर्तन दो तरह होता है। (१) स्वर का (२) व्यंजन का। स्वर में कुछ स्थलों पर ह्रस्व के स्थान पर दीर्घ और दीर्घ के स्थान पर ह्रस्व होता है। व्यंजन में भी कुछ-कुछ व्यंजन-ध्वनि का लोप होता है। कुछ-कुछ व्यंजन ध्वनि का परिवर्तन भी होता है। इस विषय में कुछ नियम सूत्र रूप में वर्णित हैं :-

(क) स्वर वर्ण का परिवर्तन

१. प्राकृत में संयुक्त वर्ण का पूर्व वर्ण ह्रस्व होता है अर्थात् संयुक्त वर्ण का पूर्व अक्षर दीर्घ अर्थात् आ, ई, ऊ, होता है तब अ, इ, उ, हो जाता है।

यथा– (क) आ-अ-आम्रम्-अम्बं, ताम्रम्-तम्बं

(ख) ई-इ–मुनीन्द्रः मुणिन्दो, तीर्थम्-तित्थं

(ग) ऊ-उ–चूर्णः चुण्णो, ऊर्मि-उम्मि

२. यदि संयुक्त वर्ण का पूर्व वर्ण ए व ओ होता है तब ए व ओ का ह्रस्व रूप इ व उ होता है अर्थात् नरेन्द्रः-नरिन्दो, म्लेच्छः-मिलिच्छो। अधरोष्ठः–अहरुट्ठो, नीलोत्पलम्-नीलुप्पलं।

३. यदि संयुक्त वर्ण का पूर्व ए व ओ होता है तब उसी ए व ओ को हमलोग ह्रस्व मानेंगे अर्थात् संयुक्त वर्ण के पूर्व ए व ओं ह्रस्व हो जाते हैं। जैसे ग्राह्यं-गे़ज्झं, पिण्डं-पेंडं, तुण्ड-तोंडं, पुष्कर-पोक्खर। इन सभी उदाहरणों में यद्यपि ए, ओ लिखा गया है, पर ये ए, ओ ह्रस्व है। वस्तुतः ए, ओ दीर्घ है लेकिन संयुक्त वर्ण के साथ रहने के कारण ये हस्व हो गए हैं।

४. प्राकृत में संयुक्त वर्ण में एक का लोप होने पर पूर्व स्वर दीर्घ हो जाता है। यथा– पश्यति > पस्सइ > पासइ, कश्यपः > कस्सवो > कासवो, विश्रामः > विस्सामो > वीसामो, मिश्रम् > मिस्सं > मीसं, अश्वः > अस्सो > आसो, विश्वासः > विस्सासो > वीसासो, शिष्यः > सिस्सो > सीसो इत्यादि।

५. (क) ऋ वर्ण का प्राकृत में अ, इ, उ और रि होता है। यथ-ऋ>अ। घृतम्-घयं, तृणम्-तणं, कृतम्-कयं, वृषभः-वसहो, मृगः-मओ इत्यादि।

ऋ > इ । कृपा-किवा, हृदयम्-हिययं, भृङ्गारः-भिंगारो, श्रृगालः-सिआलो इत्यादि ।

ऋ > उ । ऋतुः-उऊ, पृष्ठः-पुट्ठो, पृथिवी-पुहई, वृतान्तः- वुत्तन्तो, वृन्दं वुंदं इत्यादि ।

ऋ > रि । ऋद्धिः- रिद्धि, ऋक्षः-रिच्छो, ऋषिः-रिसी आदि ।

(ख) कभी-कभी ऋ के स्थान पर आ, ए, और ढि भी होता है । यह नियम बहुत से शब्दों पर लागू नहीं है । लेकिन कुछ शब्दों पर इसका प्रभाव है । यथा-कृशा-कासा मृदुकं-माउक्कं, मृदुत्वं-माउक्कं, गृहं-गेहं, आदृत-आढिओ ।

(ग) संस्कृत का ऋकारान्त शब्द प्राकृत में तीन प्रकार का होता है । अर, आर और उ । संस्कृत पितृ शब्द प्राकृत में पिअर और पिउ होता है।

६. प्राकृत में ऐ और औ के स्थान पर ए व ओ होता है । यथा-शैलः-सेलो, त्रैलोक्यं-तेलोक्कं, कैलाशः-केलासो, कौमुदी-कोमुई, यौवनं-जौव्वणं, कौशाम्बी-कोसम्बी ।

(ख) व्यंजन का नियम

७. पद के मध्य स्थित अथवा अनादि और असंयुक्त क-ग-च-ज-त-द-प-य-व प्राकृत में प्रायशः लोप होता है । यथा– (क)-तीर्थकरः तित्थयरो, लोकः-लोओ, शकटं-सअडं । (ग) नगः-नओ, नगरं-नयरं, मृगांकः-मयंको । (च) शची-सई, काचगृहः-कयग्गहो, (ज) रजतं-रययं, प्रजापतिः-पयावई, गजः-गओ । (त) वितानं-विआणं, रसातलं-रसाअलं, जातिः-जाई । (द) गदा-गया, मदनः-मयणो । (प) रिपुः-रिऊ, सुपुरुषः-सुउरिसो, (य) दयालुः-दआलू, दयालू, नयनं-नअणं-नयणं । (व) लावण्यम्-लायण्णं विबुधः-विउहो, वडवानलः-वलयाणलो ।

८. पद के मध्यस्थित अथवा अनादि और असंयुक्त ख-घ-थ-ध-भ प्राकृत में ह होता है। यथा–(ख) शाखा-साहा, मुखम्-मुहं, मेखला-मेहला, लिखति-लिहइ (घ) मेघः-मेहो, जघनम्-जहणं, माघः-माहो, (थ) नाथः-नाहो, मिथुनम्-मिहुणं, कथयति-कहेइ। (ध) साधुः-साहू, बाधः-वाहो, बधिरः-बहिरो (फ) मुक्ताफलम्-मुक्ताहलं। (भ) नभः-नह, स्वभावः-सहावो, शोभते-सोहइ।

९. पद के मध्यस्थित अथवा अनादि और असंयुक्त 'ट' को 'ड' हो जाता है। यथा—नटः-नडो, भटः-भडो, घटः-घडो, घटते-घडइ।

१०. पद के मध्यस्थित अथवा अनादि और असंयुक्त "ठ" को "ढ" हो जाता है। यथा–मठः-मढो, शठः-सढो, कमठः-कमढो, कुठारः-कुढारो, पठति-पढइ।

११. प्राकृत में पद के मध्यस्थित अथवा आदि असंयुक्त दन्त्य "न" मूर्धन्य "ण" हो जाता है। यथा– नरः-णरो, नदी-णई, नयति-णेइ, कनकम्-कणयं।

क) यदि आदि में दन्त्य "न" हो तो वही दन्त्य "न" वैसे ही रह सकता है अर्थात् आदि में दन्त्य "न" हो सकता है। इसलिए नदी-नई, णई, भी हो सकता है।

मन्तव्य :

वस्तुतः प्राकृत में आदि और अनादि, संयुक्त जैसे स्थलों पर मूर्धन्य "ण" होता है। अतएव प्राकृत में सभी स्थानों पर मूर्धन्य का ही प्रयोग करना चाहिए। किन्तु हेमचन्द्राचार्य के व्याकरण में लिखा है कि आदि दन्त्य "न" प्राकृत में हो सकता है। किन्तु अन्यान्य व्याकरण में लिखा है कि आदि और अनादि, संयुक्त और असंयुक्त सभी स्थलों पर मूर्धन्य "ण" होना चाहिए। हेमचन्द्राचार्य द्वारा जो कहा गया, उसके पीछे ऐतिहासिक विशेषता है। वस्तुतः अर्ध-मागधी भाषा में आदि स्थित दन्त्य "न" हो सकता है। इसी के साहित्य का प्रभाव प्राकृत भाषा पर भी आ गया। इसलिए सम्भवतः हेमचन्द्राचार्य ने ऐसा नियम बनाया है।

१२. प्राकृत में आदि य को ज होता है। यथा– यशः-जसो, यमः-जमो, याति-जाइ।

१३. प्राकृत में तालव्य "श" मूर्धन्य "ष" के स्थान पर दन्त्य "स" होता है। यथा–शब्दः-सद्दो, दश-दंस, शोभते-सोहइ, कषायः-कसाओ, किन्तु मागधी प्राकृत में दन्त्य "स" के स्थान पर तालव्य "श" होता है। यथा मनुष्यः-मणुश्शो, पुरुषः-पुलिशो।

४. य-श्रुति

प्राकृत में य-श्रुति होती है। य-श्रुति की उत्पति किसी व्यंजन वर्ण के लोप के कारण से होती है। संस्कृत के आधार पर हम लोग जब विचार करते हैं तब देखते हैं कि कोई व्यंजन वर्ण जब अनादि अवस्था में होता है तब उसका कभी लोप होता है कभी नहीं भी होता है। जब लोप

होता है तब लोप के स्थान पर जो स्वर है उस स्वर का अवस्थान होता हैं। अर्थात् रह जाता है। जैसे काक अर्थात् क् + आ + क् + अ इस शब्द में जो द्वितीय क् है वह अनादि क् है। इसलिए वह अनादि क् प्राकृत में लोप हो जाएगा। लोप होने के बाद जो स्वर है अर्थात् यहां अ है वह रह जाएगा। यही नियम साधारणतया सभी जगह प्राकृत में है।

कौन से अनादि वर्ण का लोप होता है प्राकृत में इसके बारे में हेमचन्द्र के व्याकरण के अनुसार सब अनादि क, ग, च, ज, त, द, प, य, व, (क-ग-च-ज-त-द-प-य-वां प्रायो लुक् १.१७७) अर्थात् इस वर्ण का लोप होता है। यथा- काक-काअ, तीर्थकर-तीत्थअर, लोक-लोअ, नग-णअ, नगर-णअर, काचगृह-काअग्गह, गज-गय, वितान-विआण, यदि-जइ, मदन-मअण, रिपु-रिउ, दयालु-दआलु, विबुध-विउह इत्यादि।

जब अनादि क, ग, च, ज इत्यादि लोप होते हैं तब जिस स्वर का अवस्थान होता है वही स्वर रह जायेगा। किन्तु हेमचन्द्र ने बताया कि जब अ और आ के बाद जब अ रहेगा तब अ का उच्चारण य के जैसा होगा। अर्थात् उपर्युक्त उदाहरण ऐसा भी हो सकता है। यथा- काय, तित्थयर, लोय, णय, णयर, कायग्गह, गय, वियाण, मयण इत्यादि।

इकारान्त और उकारान्त शब्द के स्थान पर अ है तो वही अ य नहीं लिखा जाता है। यद्यपि कभी-कभी इकारान्त और उकारान्त शब्द के स्थान पर भी य आता है, वह य विकल्प रूप से कोई-कोई पण्डित लोग मान लेते हैं। वस्तुतः इकारान्त और उकारान्त शब्द के साथ य होना नहीं चाहिए। अगर होता है तो विशेष विधि से मान लेते हैं। सब ही प्राकृत व्याकरण के स्थान पर य-श्रुति मानी नहीं जाती है।

अतः य-श्रुति हम लोग जो देखते हैं वह मुख्यतः अर्धमागधी भाषा में होती है। अर्थात् वही भाषा में नअर जब लिखते हैं वही नअर अर्धमागधी में नयर रूप से होता है। इसका तात्पर्य यही है य लिखना श्रुति का कारण है अर्थात् अ और आ के बाद हम लोग जब पढ़ते हैं और बोलते हैं तब य की भाँति एक ध्वनि आ जाती है। उसी को ही हम लोग य-श्रुति कहते हैं। मुख्यतः य-श्रुति लिखने की नहीं है सुनने की है। हम यही तो सुनते है। वही जब लिखते हैं तब य देकर के लिखते हैं। अर्धमागधी में इसलिए इस श्रुति का प्रभाव ज्यादा से ज्यादा होता है।

य-श्रुति के विषय में केवल यही कहना है कि उपर्युक्त जो वर्ण है उसका लोप होने की बाद जो स्वर ध्वनि रह जाती है वहीं स्वर ध्वनि रहनी चाहिए। यो यह ध्वनि लगाना सुनने के कारण से होती है। शायद अर्धमागधी महावीर के समय में कथ्य भाषा के रूप में थी, इसलिए अर्धमागधी में सबसे ज्यादा इस श्रुति का प्रयोग होता है। य-श्रुति का यही निष्कर्ष है।

५. संधि

संधि प्राकृत में बहुत सरल है। संस्कृत की तरह ऐसी जटिल नहीं है। संस्कृत संधि के बहुत नियम प्राकृत में नहीं चलते हैं। प्राकृत में संधि के नियम निम्नलिखित प्रकार से हैं।

१. ह्रस्व और दीर्घ स्वर तथा दीर्घ और ह्रस्व स्वर मिलकर एक गोठीय दीर्घ स्वर होते हैं। अर्थात् अ + अ / अ + आ अथवा आ + आ / आ + अ-आ होता है। इ + इ / इ + ई अथवा ई + इ / ई + ई = ई होती है। उ + उ / उ + ऊ अथवा ऊ + उ / ऊ + ऊ-ऊ होता है। उदाहरण के तौर पर—देव + आलय=देवालय। चक्क + आअ = चक्काअ। इसि + इसि = इसीसि। सु + उरिस = सूरिस।

२. प्राकृत में अ / आ + इ / ई और अ / आ + उ / ऊ दोनों मिलकर क्रमशः ए और ओ होते हैं। जैसे– दिन + ईस = दिनेस, पुहवी + ईस = पुहवीस, अन्त + उवरि = अन्तोवरि।

२. क) किन्तु जब एकार और ओकार के बाद संयुक्त वर्ण रहता है, तब एकार के स्थान पर "इ" और ओकार के स्थान पर "उ" होता है। यथा- दणुअ + इंद=दणुएंद, दणु-इंद। णह + उल्लिहण = णहोल्लिहण, णहुल्लिहण।

मन्तव्य : एकार और ओकार का ह्रस्व रूप इकार और उकार होता है। इसलिए संयुक्त वर्ण के पहिले एकार और ओकार क्रमशः इकार और उकार हो गया। अगर संयुक्त वर्ण के पहिले एकार और ओकार रहेंगे तब वही एकार और ओकार के ह्रस्व माने जाते हैं अर्थात् वही ए व ओ का हम लोग प्राकृत में ह्रस्व मानते हैं। यथा- पिंड-पेंड, तुंड-तोंड़। ये ए और ओ प्राकृत में ह्रस्व हैं। यद्यपि ए और ओ का वास्तविक रूप दीर्घ ही है।

३. प्राकृत में संधि का निषेध–

दो भिन्न स्वरों की संधि प्राकृत में नहीं होती है। अर्थात् ई + अ / आ, इ / ई + उ / ऊ और उ / ऊ + इ / ई, उ / ऊ + ए / ओ इस तरह की संधि प्राकृत में नहीं होती है। यथा- दणुइंद, वहआइ, अहो अच्छरिअ, सज्झावहु-अवऊदा इत्यादि।

४. विकल्प से संधि–

एक पद के अन्त और दूसरा पद के प्रारम्भ में जो स्वर वर्ण हैं वे स्वर वर्ण एक नम्बर नियम के अनुसार हों तब विकल्प से संधि हो सकती है। यथा- वास + इसि = वासेसि, अथवा वासइसि। विसम + आयवो = विसमायवो अथवा विसमआयवो। दहि + ईसरो = दहीसरो अथवा दहिईसरो, साउ + उअयं = साऊअयं अथवा साउउअयां।

५. शब्द के बीच में यदि कोई व्यंजन वर्ण का लोप हो तो उसके बाद जो स्वर रह जाता है उस स्वर के साथ उसी पद में जो दूसरा स्वरवर्ण है उसकी संधि विकल्प से कदाचित् देखी जाती है। यथा- सु + उरिसो = सूरिसो। इस तरह संधि प्राकृत में उचित नहीं है। लेकिन कभी-कभी होती है।

६. क्रिया में व्यंजन के लोप के कारण से जो स्वर रह जाता है उसके साथ परवर्ती स्वर की संधि नहीं होती है।

वस्तुतः प्राकृत में दो स्वर वर्ण का अवस्थान पास-पास हो तो तब भी उसको संधि की आवश्यकता नहीं होती है। इसलिए प्राकृत में संधि के सभी नियम वस्तुतः विकल्प से हैं।

६. संयुक्त वर्ण के नियम

प्राकृत में दो विसदृश व्यंजन वर्ण कभी संयुक्त नहीं होते हैं। केवल अपने-अपने वर्णों के साथ सन्धि हो सकती है अर्थात् एक ही वर्ग के साथ एक ही वर्ग की सन्धि और स स, ल ल, य य के साथ भी संधि हो सकती है।

संस्कृत में भिन्न वर्ग की संधि हो सकती है पर इस प्रकार से प्राकृत में संधि नहीं होती है। इस विषय में कुछ नियम इस प्रकार है–

क) संयुक्त वर्ण का पहला वर्ण जब क-ग-ट-ड-त-द-प-श-ष-स होता है तो उनका लोप होता है। यथा–

क– भूक्तम-भूत्तं, सिक्तम्-सित्थं

ग– दुग्धम्-दुद्धं, मुग्धम्-मुद्धं

ट– षट्पदः-छप्पओ, कट्फलम्-कप्फलं

ड– खड्गः-खग्गो, षड्जः-सज्जो

त– उत्पलम्-उप्पलं, उत्पादः-उप्पाओ

द– मद्गुः-मग्गू, मुद्गरः-मोग्गरो

प– सुप्तः-सुत्तो, गुप्तः-गुत्तो

श– श्लक्ष्णम्-लण्हं, निश्चलः-णिच्चलो

ष– गोष्ठी-गोट्ठी, षष्ठः-छट्ठो, निष्ठुरः-निट्ठुरो

स– स्खलितः-खलिओ, स्नेहः-नेहो

ः– दुःखम्-दुक्खं, अंतःपातः-अंतप्पाओ

ख) प्राकृत में संयुक्त वर्ण जब, ब, ल, व, र होता है तब उसका लोप हो जाता है। यथा–

ब– शब्दः-सद्दो, अब्दः-अद्दो, लुब्धकः-लोद्धओ।

ल– उल्का-उक्का, वल्कलम्-वक्कलं, विक्लवः-विक्कओ।

व– पक्वम्-पिक्कं, ध्वस्तः-धत्थो।

र– अर्कः-अक्को, वर्गः-वग्गो, रात्रिः-रत्ती।

ग) प्राकृत में संयुक्त वर्ण का द्वितीय वर्ण जब, म, न, य होता है तब म, न, य का लोप हो जाता है। यथा–

म– युग्मम्-जुग्गं, रश्मिः-रस्सी, स्मरः-सरो।

न– नग्नः-नग्गो, लग्नः-लग्गो।

य– श्यामः-सामा, कुड्यम्-कुड्डं।

घ) प्राकृत में संयुक्त वर्ण का एक वर्ण लोप होने पर जो शेष है उसका द्वित्व होता है। परन्तु आदि में जब कोई लोप होगा तब उसका द्वित्व नहीं होता है। यथा– क्षमा-खमा, स्कन्धः-खन्धो।

ङ) प्राकृत में दो महाप्राण वर्ण ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध, फ, भ का संयुक्त वर्ण नहीं होता है। उसमें प्रथम महाप्राण वर्ण अल्पप्राण होता है।

यथा– अक्षमः-अखमो-अक्खमो, ऐसा सर्वत्र होता है ।

च) प्राकृत में क्ष्म, श्म, ष्म, स्म, ह्म को म्ह होता है । यथा–

क्ष्म– पक्ष्मन् - पम्हाइं

श्म– कुश्मानः-कुम्हाणो, कश्मीराः-कम्हारा ।

ष्म– ग्रीष्मः-गिम्हो, ऊष्मा-उम्हा ।

स्म– अस्मादृशः अम्हारिसो, विस्मयः-विम्हओ ।

ह्म– ब्रह्मा-बम्हा, सुह्मा–सुम्हा, ब्राह्मणः - बम्हणो ।

छ) प्राकृत में श्न, ष्ण, स्न, ह्न, ह्ण, क्ष्ण को ण्ह होता है । यथा–

श्न– प्रश्नः - पण्हो

ष्ण– विष्णुः - विण्हू

स्न– ज्योत्स्ना-जोण्हा

ह्न– वह्निः-वण्ही

ह्ण– पूर्वाह्णः-पुव्वण्हो

क्ष्ण– तीक्ष्णं-तिण्हं ।

रूप-तत्त्व

(Morphology)

७. विशेष्य :

विशेष्य का प्राकृत में सविभक्ति रूप होता है । जिसको हम शब्दरूप कहते हैं । विशेष्य का वचन, लिंग, कारक, विभक्ति और शब्दरूप होता है।

वचन

प्राकृत में केवल दो वचन है– एकवचन और बहुवचन । संस्कृत का द्विवचन प्राकृत में नहीं होता है । उसकी जगह पर बहुवचन होता है ।

(द्विवचनस्य बहुवचनम् (हे. ३.१३०)।

लिंग

साधारणतया संस्कृत के अनुसार प्राकृत में भी तीन लिंग होते हैं । यथा- पुलिंग, स्त्रीलिंग, नपुंसकलिंग । किन्तु कुछ-कुछ ऐसे शब्द हैं जिसमें संस्कृत लिंग का अनुसरण प्राकृत में नहीं होता है । जैसे संस्कृत में तरणि शब्द स्त्रीलिंग होता है किन्तु प्राकृत में पुलिंग होता है (यथा, एस तरणी)। इस तरह प्रावृट् शब्द संस्कृत में स्त्रीलिंग है प्राकृत में पुलिंग है (यथा, पाउसो) । इसका मार्गदर्शन तत्तत् स्थल पर दिखायेंगे ।

कारक

संस्कृत के अनुसार प्राकृत में भी छ कारक है । विशेषता यही है कि सम्प्रदान के लिए केवल षष्ठी विभक्ति होती है । जिस कारण से संस्कृत में जो-जो कारक होता है उसी ढंग से प्राकृत में भी होता है । यद्यपि संस्कृत की नियमावली सर्वत्र नहीं चलती है तब भी हम तो उसे संस्कृत नियमावली (आप यदि जानेंगे तो उसी) से काम चला सकते हैं ।

कारक विभक्ति

प्राकृत में चतुर्थी विभक्ति नहीं होती हैं । इसलिए प्राकृत में सात विभक्तियाँ हैं । चतुर्थी के अर्थ में षठी विभक्ति होगी । संस्कृत के अनुसार प्राकृत में विभक्ति नहीं हैं । प्राकृत में विभक्ति की उत्पत्ति संस्कृत से अलग होती है । प्राकृत में विभक्ति का स्वरूप निम्नलिखित हैं–

विभक्ति		एकवचन		बहुवचन
प्रथमा	सु	ओ	जस्	विभक्ति का लोप, आ
द्वितीया	अम्	अनुस्वार (.)	शस्	" " ए
तृतीया	टा	ण, णं (णा)	भिस्	हि, हिं, हिँ
चतुर्थी	ङे	– –	भ्यस्	– –
पंचमी	ङसि	त्तो,ओ,उ, हि,हिंतो	"	त्तो,ओ,उ,हि, हिंतो,सुंतो
षष्ठी	ङस्	स्स	आम्	ण, णं
सप्तमी	ङि	ए, म्मि	सुप्	सु, सुं
सम्बोधन	सु	लोप,या प्रथमा की तरह	जस्	प्रथमा की तरह

शब्द रूप

प्राकृत में दो तरह के शब्द होते है :- एक है स्वरान्त और दूसरा है व्यन्जनान्त ।

स्वरान्त शब्द केवल अ, आ, इ, ई, उ, ऊ हो सकता है क्योंकि एकारान्त तथा ओकारान्त शब्द प्राकृत में नहीं आते हैं । इसलिए केवल अकारान्त,

आकारान्त, इकारान्त, ईकारान्त, उकारान्त तथा ऊकारान्त शब्द ही प्राकृत में मिलते हैं ।

प्राकृत में ऋ, ॠ और लृ नहीं हैं इसलिए ऋकारान्त शब्द प्राकृत में अर, आर और कभी-कभी उकार भी होते हैं ।

प्राकृत में व्यंजनान्त शब्द नहीं होता है । इसलिए व्यंजनान्त शब्द भी स्वरान्त हो जाते हैं ।

शब्द पुलिंग, स्त्रीलिंग एवं नपुंसकलिंग होता है । लेकिन विभक्ति प्रयोग में उन लिंगों की भिन्नता नहीं पायी जाती है । केवल नपुंसकलिंग की प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति में अलग विभक्तियाँ लगती हैं । ऐसा स्त्रीलिंग शब्द में भी अलग विभक्तियाँ लगती हैं । नीचे शब्द के शब्दरूप दे रहा हूं ।

अकारान्त पुलिंग शब्द का रूप
वच्छ < वृक्ष, वत्स

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	वच्छो	वच्छा
द्वितीया	वच्छं	वच्छे, वच्छा
तृतीया	वच्छेण-वच्छेणं	वच्छेहि, वच्छेहिं, वच्छेहिँ
चतुर्थी	–	–
पंचमी	वच्छा, वच्छत्तो, वच्छाओ वच्छाउ, वच्छाहिं, वच्छाहिंतो	वच्छत्तो, वच्छाओ, वच्छाउ, वच्छेहि, वच्छाहिंतो, वच्छेहिंतो वच्छासुंतो, वच्छेसुंतो
षष्ठी	वच्छस्स	वच्छाण-णं
सप्तमी	वच्छे, वच्छम्मि	वच्छेसु, वच्छेसुं
सम्बोधन	वच्छ, वच्छा, वच्छो	वच्छा

इकारान्त पुलिंग शब्द का रूप
गिरि

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	गिरी	गिरी, गिरओ, गिरउ, गिरिणो
द्वितीया	गिरिं	गिरी, गिरिणो
तृतीया	गिरिणा	गिरीहि-हिं-हिँ
चतुर्थी	–	–
पंचमी	गिरिणो, गिरित्तो, गिरीओ, गिरीउ, गिरीहिंतो	गिरित्तो, गिरीओ, गिरीउ, गिरीहिंतो, गिरीसुंतो
षष्ठी	गिरिणो, गिरिस्स	गिरीण-णं
सप्तमी	गिरिम्मि	गिरीसु-सुं
सम्बोधन	गिरि, गिरी	गिरिणो, गिरओ, गिरउ, गिरी

उकारान्त पुलिंग शब्द का रूप
तरु

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	तरू	तरू, तरवो, तरओ, तरउ, तरुणो
द्वितीया	तरुं	तरू, तरुणो
तृतीया	तरुणा	तरूहि-हिं-हिँ
चतुर्थी	–	–
पंचमी	तरुणो, तरुत्तो, तरूओ, तरूउ, तरूहिंतो	तरुत्तो, तरूओ, तरुउ तरूहिंतो, तरूसुंतों
षष्ठी	तरुणो, तरुस्स	तरूण, -णं
सप्तमी	तरुम्मि	तरूसु-सुं
सम्बोधन	तरु, तरू	तरू, तरुणो, तरवो, तरउ, तरओ

आकारान्त स्त्रीलिंग शब्द का रूप
माला

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	माला	माला, मालाओ, मालाउ
द्वितीया	मालं	माला, मालाओ, मालाउ
तृतीया	मालाअ, मालाइ, मालाए	मालाहि-हिं-हिँ
चतुर्थी	–	–
पंचमी	मालाअ, मालाइ, मालाए मालत्तो, मालाओ, मालाउ, मालाहिंतो	मालत्तो, मालाओ, मालाउ, मालाहिंतो, मालासुंतो
षष्ठी	मालाअ, मालाइ, मालाए	मांलाण-णं
सप्तमी	मालाअ, मालाइ, मालाए	मालासु-सुं
सम्बोधन	माले, माला	माला, मालाओ, मालाउ

आकारान्त स्त्रीलिंग शब्द का रूप
लता

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	लया	लया, लयाओ, लयाउ
द्वितीया	लयं	लया, लयाओ, लयाउ
तृतीया	लयाअ, लयाइ, लयाए	लयाहि-हिं-हिँ
चतुर्थी	–	–
पंचमी	लयाअ, लयाइ, लयाए लयत्तो, लयाओ, लयाउ, लयाहिंतो	लयत्तो, लयाओ, लयांउ, लयाहिंतो-लयासुंतो
षष्ठी	लयाअ, लयाइ, लयाए	लयाण-णं
सप्तमी	लयाअ, लयाइ, लयाए	लयासु-सुं
सम्बोधन	लये, लया	लया, लयाओ, लयाउ

इकारान्त स्त्रीलिंग शब्द का रूप
बुद्धि

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	बुद्धी	बुद्धी, बुद्धीओ, बुद्धीउ
द्वितीया	बुद्धिं	बुद्धी, बुद्धीओ, बुद्धीउ
तृतीया	बुद्धीअ, बुद्धीआ, बुद्धीइ बुद्धीए	बुद्धीहि-हिं-हिँ
चतुर्थी	—	—
पंचमी	बुद्धीअ, बुद्धीआ, बुद्धीइ, बुद्धीए, बुद्धीउ, बुद्धीओ, बुद्धित्तो, बुद्धीहिंतो	बुद्धित्तो, बुद्धीओ, बुद्धीउ, बुद्धिहिंतो-सुंतो
षष्ठी	बुद्धीअ-आ-इ-ए	बुद्धीण-णं
सप्तमी	बुद्धीउ-आ-इ-ए	बुद्धीसु-सुं
सम्बोधन	बुद्धि, बुद्धी	बुद्धी, बुद्धिओ, बुद्धीउ

ईकारान्त स्त्रीलिंग शब्द का रूप
नई

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	नई	नई, नईओ, नईउ
द्वितीया	नइं	नई, नईओ, नईउ
तृतीया	नईअ, नईआ, नईइ, नईए	नईहि-हिं-हिँ
चतुर्थी	—	—
पंचमी	नईअ, नईआ, नईओ, नइत्तो, नईइ, नईउ-हिंतों	नइत्तो, नईओ-उ-हिंतो-सुंतो
षष्ठी	नईअ, आ-इ-ए	नईण-णं
सप्तमी	नईअ, आ-इ-ए	नईसु-सुं
सम्बोधन	नइ, नई	नई, नईओ, नईउ

उकारान्त स्त्रीलिंग शब्द का रूप
धेणु

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	धेणू	धेणू, धेणूओ, धेणूउ
द्वितीया	धेणुं	धेणू, धेणूओ, धेणूउ
तृतीया	धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ, धेणूए	धेणूहि-हिं-हिँ
चतुर्थी	–	–
पंचमी	धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ, धेणूए, धेणूओ, धेणुत्तो, धेणूहिंतो	धेणुत्तो, धेणूओ, धेणूउ, धेणूहिंतो, धेणूसंतो
षष्ठी	धेणूअ-आ-इ-ए	धेणूण-णं
सप्तमी	धेणूअ-आ-इ-ए	धेणूसु-सुं
सम्बोधन	धेणु, धेणू	धेणू, धेणूओ, धेणूउ

ऊकारान्त स्त्रीलिंग शब्द का रूप
वहू

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	वहू	वहू, वहूओ, वहूउ
द्वितीया	वहुं	वहू, वहूओ, वहूउ
तृतीया	वहूअ, वहूआ, वहूइ, वहूए	वहूहि-हिं-हिँ
चतुर्थी	–	–
पंचमी	वहूअ, वहूआ, वहूइ, वहूए, वहूओ, वहुत्तो, वहूहिंतो	वहुत्तो, वहूओ, वहूउ, वहूहिंतो, वहूसंतो
षष्ठी	वहूअ-आ-इ-ए	वहूण-णं
सप्तमी	वहूअ-आ-इ-ए	वहूसु-सुं
सम्बोधन	वहु, वहू	वहू, वहूओ, वहूउ

कुछ शब्द का विशेष रूप
पिउ, पिअर शब्द

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	पिआ, पिअरो	पिअरा, पिअवो, पिअओ, पिअउ, पिउणो, पिऊ
द्वितीया	पिअरं	पिअरे, पिअरा, पिउणो, पिऊ
तृतीया	पिअरेण-णं, पिउणा	पिअरेहि-हिं-हिँ, पिऊहि-हिं-हिँ
चतुर्थी	–	–
पंचमी	पिअरत्तो, पिअराओ, पिअराउ, पिअराहि-हिंतो, पिअरा, पिउणो, पिउत्तो, पिऊओ, पिऊउ, पिऊहिंतो, पिऊ	पिअरत्तो, पिअराओ, पिअराउ, पिअराहि, पिअरेहि, पिअराहिंतो पिअरेहिंतो, पिअरासुंतो, पिअरेसुंतो
षष्ठी	पिअरस्स, पिउणो, पिउस्स	पिअराण-णं, पिऊण-णं
सप्तमी	पिअरे, पिअरम्मि	पियरेसु-सुं, पिऊसु-सुं
सम्बोधन	पिअर, पिअरो, पिअरा, पिअरं, पिअ, पिउ, पिऊ	पिअरा, पिउणो, पिऊ

भत्तार शब्द

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
प्रथमा	भत्तारो	भत्तारा, भत्तू, भत्तुणो
द्वितीया	भत्तारं	भत्तारा, भत्तारे, भत्तू, भत्तुणो
तृतीया	भत्तारेण-णं, भत्तुणा	भत्तारेहि-हिं-हिँ, भत्तूहि-हिं-हिँ

विभक्ति	एकवचन	बहुवचन
चतुर्थी	–	–
